सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 170 | इंदौर, शनिवार 03 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. 'बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर करें', KKR को BCCI की दो टूक

2. Iran Protests: ईरान के विरोध प्रदर्शनों में अब तक आठ की मौत; पूर्व क्राउन प्रिंस ने क्यों ट्रंप का जताया आभार?

3. Chhattisgarh Encounter: सुकमा में मुठभेड़... 14 नक्सलियों के मारे जाने की खबर, नक्सली कमांडर मंगडु भी ढेर

4. अमेरिका में नए साल पर हमले की साजिश नाकाम: हथौड़ा-चाकू.. ISIS से प्रभावित साजिशकर्ता से FBI को क्या-क्या मिला?

5. Bangladesh: 'हमने उसे जिंदा जला दिया', पुलिस के SI संतोष की हत्या पर छात्र नेता का दावा; वीडियो वायरल

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध लिया सख्त एक्शन

# आयुक्त नगर निगम को हटाने का निर्णय

**भोपाल**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में भागीरथपुरा में दूषित जल प्रदाय से हुई घटना को लेकर जबलपुर के दौरे से लौटने के बाद रात्रि में मुख्यमंत्री निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंस से जानकारी प्राप्त की। बैठक में संभागायुक्त इंदौर द्वारा बताया कि भागीरथपुरा क्षेत्र में 28 दिसम्बर को उल्टी, दस्त के प्रकरण सामने आए थे। इसका संभावित कारण पेयजल प्रदूषण पाया गया। सूचना मिलते ही नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही की। कुल 13 हजार 444 घरों का सर्वेक्षण किया गया। कुल 310 मरीज भर्ती हुए थे, जिनमें से 235 स्वस्थ होकर घर जा चुके हैं। चौबीस घंटे डॉक्टरों को ड्यूटी तय की गई। रेफेरल के लिए 10 एम्बुलेंस तैनात की गई। अस्पतालों में निःशुल्क उपचार के लिए बेड्स चिन्हांकित किए गए। विशेषज्ञ टीम को मौके पर भेजा गया। शिकायत के निवारण के 24X7 कॉल सेंटर सक्रिय है। घरों से 1600 से अधिक जल आपूर्ति के नमूने लिए गए। सहायता डेस्क भी स्थापित की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे नगर निगम प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। जन-स्वास्थ्य सरकार के लिए सर्वोपरि है। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के आयुक्त नगर निगम श्री दिलीप यादव को हटाकर मंत्रालय में पदस्थ करने के निर्देश दिए हैं। लापरवाही के लिए अपर आयुक्त श्री रोहित सिसोनिया और प्रभारी अधीक्षण यंत्री श्री संजीव श्रीवास्तव को निलंबित करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा प्रदेश के सभी नगरपालिक निगम के महापौर के साथ संभागायुक्त, कलेक्टर और कमिश्नर नगर निगम के साथ बैठक लेकर नागरिकों को साफ़ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कहा कि प्रदेश के नगरीय निकायों का अमला जनता की सेहत के प्रति सजग और सतर्क रहे। इंदौर में हुई घटना की किसी अन्य जगह पुनरावृत्ति नहीं होना चाहिए। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के तालमेल में कमी नहीं होना चाहिए। पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में प्रशासनिक अधिकारी फोन या अन्य माध्यम से शिकायत की सूचना मिलने पर तत्काल कदम उठाएं।

नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा नागरिकों को साफ़ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए दिशा निर्देश जारी कर बैठक में जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री द्वारा दिशा निर्देश का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।



### नागरिकों को साफ़ पेयजल उपलब्ध कराने के लिए जारी दिशा-निर्देश के प्रमुख बिंदु

1. सघन आबादी अथवा 20 वर्ष से अधिक पुरानी पाईप लाईन का चिन्हांकन किया जाये।
2. पुराने एवं बार-बार लीकेज होने वाली पाईप लाईन, नालियों/सीवर पाईपलाईन के समीप अथवा नीचे से गुजरने वाली पाईप लाईनों का चिन्हांकन करें।
3. चिन्हांकन में पाये गये रिसाव की 48 घंटे के अंदर मरम्मत सुनिश्चित करें।
4. जल शोधन संयंत्र (WTP) तथा उच्च स्तरीय टंकियाँ (OHT's)/ Sump Tanks की साफ-सफाई का 07 दिवस के अंदर निरीक्षण करें।
5. सभी जल शोधन संयंत्रों (WTP's), प्रमुख जल स्त्रोतों तथा उच्च स्तरीय टंकियों सम्प टेन्कस का तत्काल जल नमूना परीक्षण करें।
6. प्रदूषण पाए जाने पर तत्काल जल आपूर्ति रोकी जाये एवं वैकल्पिक सुरक्षित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाये।
7. क्लोरिनेशन सिस्टम की 24x7 निगरानी की जाये।
8. सभी नगरीय निकायों में पाइपलाइन लिकेज डिटेक्शन हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जाये।
9. जल आपूर्ति से संबंधित प्राप्त शिकायतों को इमर्जेंसी में रखा जाये।
10. लीकेज/दूषित जल शिकायतों का 24 से 48 घंटों के भीतर अनिवार्य रूप से निराकरण किया जाये।
11. सी.एम. हैल्पलाईन में गंदा/दूषित पेयजल तथा सीवेज से संबंधित प्राप्त शिकायतों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाये।

# डर इतना कि टैंकर से पानी बांटे जाने के बाद भी कैन मंगाकर पी रहे लोग









@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। भागीरथपुरा में दूषित पानी की वजह से अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग तबीयत खराब होने के बाद अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं। ऐसे में क्षेत्र में रह रहे लोगों में पानी को लेकर इतना डर है कि वे नगर निगम के टैंकर द्वारा पानी की सप्लाई होने के बाद भी बाहर से केन मंगवाकर पी रहे हैं। टैंकर के जरिए जो पानी सप्लाई किया जा रहा है उसे भी उबालकर उपयोग किया जा रहा है।

नगर निगम के टैंकर भागीरथपुरा में अलग-अलग इलाकों में रोज स्वच्छ पानी उपलब्ध करवा रहे हैं, लेकिन लगातार मौतों के बढ़ते आंकड़े और रोज सामने आ रहे नए मरीजों को देखते हुए क्षेत्र में अब भी डर का माहौल है। टैंकर से लिया गया पानी उबालकर इस्तेमाल किया जा रहा है। कुछ लोग तो इतने डरे हुए हैं कि वे बाहर से मिनरल वॉटर का कैन लाना ही सही समझ रहे हैं। भागीरथपुरा में नर्मदा पाइप लाइन से मिले पानी की जांच में ई-कोलाई और शिगेला जैसे खतरनाक बैक्टीरिया भी मिले हैं। डॉक्टरों की मानें तो यह बैक्टीरिया मानव मल में पाए जाते हैं। ऐसे में इससे यह साफ हो जाता है कि ड्रेनेज लाइन का पानी नर्मदा लाइन में आ रहा था। इलाके के लोग जिस पानी को शुद्ध समझकर पी रहे थे, वह संक्रमित था।

# इंदौर के रेसीडेंसी क्षेत्र की सभी जमीन सरकारी घोषित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। वर्षों से लंबित पड़ी रेसीडेंसी क्षेत्र की भूमि को लेकर नक्शा अभियान के तहत किए जा रहे सर्वे में पूरे क्षेत्र की जमीनों को सरकारी घोषित कर दिया गया है। नजूल मद में सरकारी दर्ज करने के बाद प्रशासन द्वारा प्रथम प्रकाशन जारी कर दिया गया है। अखबारों के माध्यम से सार्वजनिक सूचना प्रकाशित करने के साथ कलेक्टर कार्यालय व क्षेत्र में नोटिस चस्पा किया गया है। अब संबंधित भूमि पर दावे-आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए 12 जनवरी तक सुनवाई की जाएगी। लंबे समय से सर्वेक्षण और दस्तावेजों की कमी के कारण उलझी प्रक्रिया एक बार फिर रफ्तार पकड़ चुकी है।**

रेसीडेंसी क्षेत्र का समुचित सर्वेक्षण नहीं होने के कारण प्रशासन और निजी धारकों में विवाद की स्थितियां निर्मित हो रही थीं। रेसीडेंसी क्षेत्र की विभिन्न कॉलोनियों सहित धार कोठी, रतलाम कोठी, पिपलौदा व नारायण कोठी को लेकर भूमि स्वामी दर्ज करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन अब प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा चुकी है। प्रथम प्रकाशन कर पूरी जमीन को सरकारी दर्ज किया गया है। ज्ञात हो कि वर्ष 2024 में ड्रोन के माध्यम से क्षेत्र का सर्वेक्षण कर नक्शा तैयार किया गया, जिसके बाद उपलब्ध दस्तावेजों का परीक्षण भी किया गया। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2013 में शासन ने इस क्षेत्र को नजूल भूमि घोषित कर दिया था। इसके बाद शासन के आदेश पर नगर निगम को उक्त भूमि से संबंधित सभी दस्तावेज तहसील कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। नगर निगम से कुछ दस्तावेज तहसील कार्यालय को प्राप्त हो चुके हैं, लेकिन अब भी कई महत्वपूर्ण अभिलेखों की तलाश जारी है। प्रशासन के अनुसार इन्हीं दस्तावेजों के अभाव में निर्णय प्रक्रिया में लगातार विलंब हो रहा था। पूर्व में इस क्षेत्र को तीन भागों में विभाजित कर सर्वेक्षण के आधार पर शिविर आयोजित किए गए थे, जिनमें रहवासियों से दस्तावेज एकत्र किए गए थे। उस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने निवास, खरीदी-बिक्री और पट्टों से जुड़े कागजात प्रस्तुत किए थे। इस मामले में जनप्रतिनिधियों का भी विरोध सामने आया था। उनका कहना था कि क्षेत्र में लंबे समय से रह रहे लोगों के नाम मालिक के रूप में दर्ज किए जाएं। जनप्रतिनिधियों के दबाव और स्थिति की जटिलता को देखते हुए कलेक्टर ने शासन से मार्गदर्शन के लिए पत्राचार किया था। हालांकि शासन ने इस मामले में कोई स्पष्ट निर्णय न लेते हुए कलेक्टर को अपने विवेक से निर्णय लेने के निर्देश दिए। शासन से प्राप्त पत्र के बाद प्रशासन ने दोबारा सर्वेक्षण की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला लिया है।

# भागीरथपुरा क्षेत्र में रिंग सर्वे प्रारंभ

इंदौर। **भागीरथपुरा इंदौर में 2 जनवरी को स्वास्थ्य विभाग ने एक मजबूत रणनीति को अपनाते हुए रिंग सर्वे प्रारंभ किया है। रिंग सर्वे का आशय यह है कि भागीरथपुरा में जो भी हॉट स्पॉट मिले हैं, उनके घरों के आस-पास 50 घरों का सर्वे किया गया। रिंग सर्वे हेतु 20 टीमें क्षेत्र में कार्यरत हैं।**

कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्र में 06 एम्बुलेंस लगाई गई हैं। साथ ही क्षेत्र में 24x7 चिकित्सकों की ड्यूटी क्षेत्र में लगाई गई है। मरीजों को एम.व्हाय. चिकित्सालय, अरविंदो अस्पताल तथा बच्चों को चाचा नेहरु अस्पताल में रेफर किया जा रहा है, जो मरीज निजी चिकित्सालयों में जा रहें हैं, वहां पर भी निःशुल्क उपचार, जांच एवं औषधि व्यवस्था की गई है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि गुरुवार को 3 हजार 679 घरों का सर्वे किया गया, जिसमें से लगभग 141 मरीज मिले। कल की ओपीडी में हल्के लक्षण वाले मरीजों का फॉलो अप किया गया, जल स्त्रोतों की मैपिंग की गई सीवरेज लाइन, ड्रेनेज लाइन और पेयजल पाइपलाइन के लिए नगर निगम और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय किया गया। उन्होंने बताया कि अभी तक विभिन्न अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या 310 है। साथ ही कुल 107 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। इस तरह वर्तमान में कुल 203 मरीज अस्पताल में भर्ती है, जिनका उपचार किया जा रहा है। वर्तमान में आईसीयू में 25 मरीज भर्ती है।

# नया बनेगा शास्त्री ब्रिज, गांधी प्रतिमा सर्कल भी तोड़कर नया बनाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के हृदय स्थल के रूप में पहचाने जाने वाले रीगल तिराहे पर अब नया रेलवे ओवरब्रिज बनाया जाएगा। इसकी एक भुजा आरएनटी मार्ग पर भी उतरेगी। महात्मा गांधी की प्रतिमा के सर्कल को तोडकर नया बनाया जाएगा। इस पुल के नीचे स्थित पानी और ड्रेनेज की लाइन की शिफ्टिंग का काम इंदौर नगर निगम करेगा। पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन ने रेलवे के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि नया पुल एक साइड का बनाओ, उस पर यातायात शुरू करो, फिर दूसरी साइड का तोड़ा जाए।**



गांधी हॉल से रीगल तिराहा को जोड़ने वाला शास्त्री पुल 100 साल से ज्यादा पुराना हो गया है। अब इस पुल को तोड़कर नया और बड़ा पुल बनाने का रास्ता साफ होता हुआ नजर आ रहा है। पश्चिम रेलवे द्वारा इस पुल के स्थान पर दूसरा पुल बनाने के प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी गई है। इस बारे में हाल ही में एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन पूर्व सांसद एवं लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के निवास पर किया गया। इस बैठक में रेलवे के डिप्टी चीफ इंजीनियर अंकुरसिंह, महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर निगम तथा पश्चिम रेलवे के अधिकारी शामिल हुए। बैठक में रेलवे विशेषज्ञ नागेश नामजोशी भी शामिल थे। इस बैठक में रेलवे की ओर से बताया गया कि शास्त्री ब्रिज का नया निर्माण करने का फैसला लिया गया है। इस फैसले में इस रेलवे ओवरब्रिज की ऊंचाई को बढ़ाया जाएगा। रेलवे को अपनी रेल सेवा के संचालन के लिए इस ब्रिज की ऊंचाई बढ़ाने की आवश्यकता है। रेलवे इस पुल की ऊंचाई को 5 मीटर बढ़ाना चाहता है। जब ऊंचाई बढ़ाई जाएगी तो फिर लंबाई भी बढ़ाना जरूरी हो गया है। अभी जो प्राथमिक रूप से योजना तैयार की गई है उसके अनुसार यह ब्रिज संभाग आयुक्त कार्यालय के पास से शुरू होगा और रीगल तिराहा पर गांधी प्रतिमा के आगे जाकर समाप्त होगा। इस योजना पर जब चर्चा की गई तो एक सुझाव यह आया कि इस पुल को इस तरह से बनाया जाए, जिससे इसकी एक भुजा आरएनटी मार्ग की तरफ उतारी जाए। इसके लिए आवश्यकता हो तो पुल की लंबाई को बढ़ाकर गांधी प्रतिमा के आगे ले जाया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार इस बैठक में पुल का निर्माण करने के लिए पुल को तोडऩे के बारे में भी चर्चा हुई। इस चर्चा में सुमित्रा महाजन ने कहा कि यह पुल इंदौर की लाइफ लाइन है। इसे पूरा तोडक़र कई महीने के लिए इस रास्ते को बंद नहीं किया जा सकता है। ऐसे में यह जरूरी है कि एक साइड की पुल की भुजा का पूरा निर्माण कर लिया जाए और उस पर यातायात शुरू कर दिया जाए, उसके बाद में पुल की दूसरी साइड की भुजा को तोड़ा जाए। इस मामले में सबसे बड़ी समस्या पुल के नीचे मौजूद पानी और ड्रेनेज की लाइन की शिफ्टिंग की रही। इंदौर नगर निगम का कहना था कि रेलवे द्वारा लाइन शिफ्टिंग का खर्चा उठाया जाए, जबकि रेलवे के अधिकारियों का कहना था कि यह खर्च नगर निगम खुद ही उठाए, हम इस खर्च का पैसा नहीं दे सकते हैं। इस मामले पर चर्चा के दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा निगम की ओर से यह खर्च उठाने पर सहमति दी गई। इस बैठक में रेलवे के अधिकारियों द्वारा यह भी बताया गया कि वर्तमान महात्मा गांधी प्रतिमा के स्थल को तोडक़र नए स्वरूप में उसे विकसित करने का कार्य भी इस रेलवे ओवरब्रिज के काम के साथ उनके द्वारा किया जाएगा। इस बैठक के बाद अब आगे की योजना तैयार करने का काम होगा। इस बारे में पूछे जाने पर पश्चिम रेलवे के अधिकारियों द्वारा बताया गया कि अभी पुल के निर्माण के लिए डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट और ड्राइंग-डिजाइन तैयार नहीं हुई है। ऐसे में न तो पुल का अनुमानित खर्च निकाला जा सकता है और न ही यह कहा जा सकता है कि जब निर्माण शुरू किया जाएगा तो उसे पूरा होने में कितना समय लगेगा। इस प्राथमिक बैठक के बाद अब पश्चिम रेलवे द्वारा इस दिशा में काम शुरू किया जा रहा है।

# रुपयों के लेनदेन में ड्राइवर का अपहरण

## चंदन नगर से कार में ले जाकर धामनोद पहुंचे आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। चंदन नगर क्षेत्र में रुपए के लेन-देन को लेकर एक ड्राइवर को उसका दोस्त और उसके अन्य साथी जबरन कार में बैठाकर ले गए। जब इसकी जानकारी ड्राइवर की पत्नी को लगी तो उसने थाने पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस जांच में सामने आया कि ड्राइवर का दोस्त और उसके साथी उसे रुपए के लेन-देन के विवाद में धामनोद तक ले गए थे। इसके बाद पुलिस ने सभी आरोपियों को फोन कर वापस बुलाया। ड्राइवर की पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने दोस्त सहित चार लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। चंदन नगर पुलिस ने रूखसार शाह, निवासी ई-सेक्टर, चंदन नगर की शिकायत पर रईस और अन्य आरोपियों के खिलाफ अपहरण की धाराओं में कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार रूखसार गुरुवार शाम थाने पहुंची थी। उसने बताया कि रईस, निवासी ग्राम बाक उसके पति शाहरुख शाह का दोस्त है, घर के बाहर बातचीत के बहाने पति को बुलाकर ले गया। उस समय वहां उसके कुछ अन्य साथी भी मौजूद थे, जो शाहरुख को अपने साथ लेकर चले गए। काफी देर तक पति का मोबाइल फोन बंद आने पर रूखसार घबरा गई और थाने पहुंची। इसके बाद पुलिस ने जब शाहरुख के मोबाइल पर कॉल किया तो पता चला कि उसका रईस और उसके साथियों से करीब 40 से 50 हजार रुपए का लेन-देन है। पुलिस ने सभी आरोपियों को थाने बुलाया, जिसके बाद रईस और उसके साथी देर शाम शाहरुख को लेकर थाने पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने रईस और उसके साथियों के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज किया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंदौर के चंदन नगर में एक ड्रायवर को रूपए के लेनदेन में उसका दोस्त ओर उसके अन्य साथी अपने साथ गाड़ी में लेकर चले गए। उसकी पत्नी को जब यह बात पता चली तो उसने थाने जाकर पुलिस का पूरे मामले की जानकारी दी। पुलिस ने जब इस मामले में बात की तो पता चला कि उसका दोस्त ओर उसके कुछ साथी ड्रायवर को रूपए के लेनदेन में धामनोद तक लेकर गए है।

# भागीरथपुरा में कट गया पार्षद का झूला...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों के होने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जिन दिन इलाके में चार मौतें सामने आई। उस दिन क्षेत्र के पार्षद कमल वाघेला भागीरथपुरा के उद्यान में बैठकर झूला झूल रहे थे। उनका वीडियो भी खूब वायरल हुआ। शुक्रवार को झूले की रस्सियां कटी नजर आई। आखिर झूले पर किसने गुस्सा निकाला। यह जांच का विषय है। उस झूले पर बस्ती के बच्चे भी झूला झुलते थे, लेकिन उन्हें शुक्रवार को झूला गायब मिला।





वे उल्टे पैर लौट गए। उद्यान के कर्मचारी भी नहीं बता पा रहे है कि झूला किसने काटा। आपको बता कि उद्यान के समीप ही पुलिस चौकी भी है। इसके बावजूद बगीचे से झूला गायब हो गया। पार्षद कमल वाघेला ने कहा कि मेरे पार्षद बनने के पहले भागीरथपुरा बस्ती में ड्रेनेज लाइन, नर्मदा लाइन की समस्या थी। इसके टेंडर भी जारी किए गए थे, लेकिन काम में देरी हुई और इस वजह से समस्या खड़ी हुई। यदि समय पर काम होता तो इतने रोगी नहीं निकलते। अब ड्रेनेज लाइन डालने के काम शुरू हो चुका है। जहां -जहां आशंका है कि वहां खुदाई कर लाइनों को जांचा जा रहा है। नगर निगम रिसाव रोकने के लिए अब जगह-जगह सड़कों की खुदाई करना रहा है। पहले मुख्य रिसाव नर्मदा लाइन के उपर बने चैंबर से होना पाया गया था, लेकिन अब दूसरी जगह भी खुदाई कर देखा जा रहा है।

# होटल में दुष्कर्म का प्रयास, झांसे में लेकर बुलाया, नशा दिया

## ● चार युवक गिरफ्तार, एक युवती भी आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भंवरकुआ थाना क्षेत्र में एक युवती को झांसे में लेकर होटल बुलाने और उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता के अनुसार चार युवकों ने उसे बहाने से बुलाया और फिर होटल में उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की।**

घटना के दौरान युवती के शोर मचाने पर आरोपी घबरा गए और उसे छोड़कर फरार हो गए। डरी-सहमी हालत में युवती किसी तरह अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों के साथ युवती थाने पहुंची, और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एक युवती सहित चार युवकों के खिलाफ दुष्कर्म के प्रयास, नशीला पदार्थ देने, छेड़छाड़ सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। फिलहाल सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। भंवरकुआ थाना पुलिस के अनुसार गुरुवार को एक युवती थाने पहुंची और उसके साथ होटल में दुष्कर्म के प्रयास का मामला दर्ज कराया। पीड़िता ने बताया कि एक युवती सिमरन ने उसे झांसे में लेकर होटल बुलाया, जहां कुछ युवकों ने उसे नशा देकर उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की। पुलिस ने इस मामले में अंकुश राठौर, जगदीश रतनावत, हर्षवर्धन वैद्य और बिहारी नामक युवकों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है। पीड़िता के मुताबिक उसका एक परिचित युवक राजा है, जिसने 31 दिसंबर को उसे सिमरन के साथ मार्केट जाने को कहा था। पीड़िता पहले कभी सिमरन से नहीं मिली थी, लेकिन राजा के कहने पर उसने अपनी मां से पूछा और साथ जाने को राजी हो गई। सिमरन ने उसे शनि धाम चौराहे पर बुलाया, लेकिन वहां पहुंचने पर वह नहीं मिली। कुछ देर बाद सिमरन का फोन आया और उसने राजबाड़ा बुलाया। जब पीड़िता वहां पहुंची तो सिमरन के साथ हर्ष और अंकुश मौजूद थे।इसके बाद सिमरन ने पहले रेस्टोरेंट में खाना खाने और फिर शॉपिंग करने की बात कही। कुछ देर बाद दो अन्य युवक बाइक से वहां पहुंचे। सभी लोग पीड़िता को विष्णुपुरी स्थित मूनलाइट होटल ले गए। वहां सिमरन ने यह कहकर टाल दिया कि अंदर रेस्टोरेंट है। होटल में पीड़िता का पहचान पत्र लेकर रख लिया गया और नाश्ते के साथ बीयर मंगवाई गई। जब पीड़िता ने आपत्ति जताई तो कहा गया कि थोड़ी देर में यहां से निकल जाएंगे। कुछ समय बाद नींबू पानी के बहाने पीड़िता को नशीला पदार्थ पिलाया गया, जिससे उसे चक्कर आने लगे और वह असहज महसूस करने लगी। इसके बाद आरोपियों ने उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। जिस पर युवती ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर एक युवक ने उससे पूछा कि क्या वह अपनी मर्जी से आई है। पीड़िता ने साफ कहा कि सिमरन उसे झूठ बोलकर यहां लाई है। इसके बाद उसे कमरे से बाहर बैठा दिया गया। देर शाम आरोपी हर्ष उसे शनि धाम चौराहे पर छोड़ गया और धमकी दी कि किसी को कुछ न बताए। डरी-सहमी पीड़िता घर पहुंची और पूरी घटना अपनी मां को बताई। इसके बाद गुरुवार को पुलिस ने पीड़िता का बयान दर्ज कर पूरे घटनाक्रम की पुष्टि की और सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है।

# स्क्रैप फैक्ट्री के गोदाम में भीषण आग से काले धुएं का गुबार फैल गया



**इंदौर। पालदा क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक स्क्रैप फैक्ट्री के गोदाम में भीषण आग लग गई, जिससे इलाके में काले धुएं का गुबार फैल गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।**

फायर ब्रिगेड अधिकारियों के अनुसार यह आग समता नगर स्थित नसबी मोहम्मद समीर के गोदाम में लगी थी। आग बुझाने के लिए करीब 10 हजार लीटर पानी और 10 हजार लीटर फोम का उपयोग किया गया। आसपास अतिक्रमण होने के कारण दमकल वाहनों को मौके तक पहुंचने और आग बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आग के कारण क्षेत्र में कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।फायर ब्रिगेड कर्मचारियों के मुताबिक इलाके में अवैध अतिक्रमण के कारण सड़क काफी संकरी हो गई थी, जिससे दमकल वाहनों को गोदाम तक पहुंचने में भारी परेशानी हुई। शुरुआत में बाहर से ही पाइप डालकर आग बुझाने की कोशिश की गई, लेकिन काफी मशक्कत के बाद रास्ते से गाड़ियां हटाकर एक दमकल वाहन को अंदर भेजा जा सका। इसी वजह से आग पर काबू पाने में काफी देर लग गई। यहां की सड़क की कुल चौड़ाई करीब 20 फीट है, लेकिन स्थानीय रहवासियों द्वारा लगभग 7 फीट हिस्से पर अवैध अतिक्रमण कर लिया गया है। व्यापारियों का कहना है कि यह पूरा इलाका इंडस्ट्रियल एरिया है, जहां करीब 60 से 70 फैक्ट्रियां संचालित हैं और 2 से 3 हजार कर्मचारी काम करते हैं। अतिक्रमण के कारण ट्रक और अन्य भारी वाहनों को फैक्ट्री और गोदाम तक पहुंचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। व्यापारियों के अनुसार, इस समस्या को लेकर पहले भी नगर निगम को लिखित शिकायतें दी गई हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# कार ने एक्टिवा को टक्कर मारी, सौ फीट घिसटते हुए गए युवक-युवती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। विजय नगर में गुरुवार रात एक कार ने एक्टिवा को टक्कर मार दी। दुर्घटना से एक्टिवा करीब 100 फीट घिसटते हुए चली गई, जिसमें एक युवक एवं युवती गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार जब्त कर ड्राइवर को हिरासत में लिया है। कार पर 'करणी सेना परिवार' लिखा है।**

विजय नगर पुलिस के मुताबिक हादसा सयाजी चौराहे के पास हुआ है। घटना रात करीब 2:30 बजे की है। सयाजी पेट्रोल पंप की ओर से चौराहे पर मुड़ रही एक्टिवा MP20-SL-8410 को बापट चौराहे से विजय नगर की ओर जा रही तेज रफ्तार कार MP13-CE-2080 ने सामने से टक्कर मार दी। एक्टिवा पर सवार युवक हर्ष सोनी और युवती भवानी यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक हर्ष जबलपुर का रहने वाला है और वर्तमान में विजय नगर क्षेत्र में रहकर बैंकिंग की तैयारी कर रहा है। वहीं भवानी सतना की रहने वाली है और स्कीम नंबर 78 में रहकर एक निजी कंपनी टास्क सोर्स में नौकरी करती है। दोनों अपने फ्लेट पर जा रहे थे। पुलिस ने कार ड्राइवर सुमित ठाकुर को हिरासत में ले लिया है।

# सराफा बाजार से आधा किलो सोना ठगी में कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। सराफा बाजार में व्यापारी मुकेश अग्रवाल से आधा किलो सोने की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस को आंशिक सफलता मिली है। पुलिस ने करीब 270 ग्राम सोना जब्त किया है, जो तीन व्यापारियों के पास से बरामद हुआ है, जबकि इस ठगी का मुख्य आरोपी अब भी फरार है। डीसीपी आनंद कलायदगी की टीम ने इस मामले में मोहित वर्मा (पिता राघवेन्द्र वर्मा), उसके दोस्त देवेन्द्र नरवरिया निवासी बाणगंगा और तेजस पारिके निवासी मुंबई को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि ठगी का मास्टरमाइंड शांतिलाल उर्फ शंकर दो माह पहले सराफा बाजार में दुकान किराए पर लेकर व्यापार शुरू किया था और उसने व्यापारी मुकेश अग्रवाल का भरोसा जीतकर उनसे करीब 60 लाख रुपए कीमत का आधा किलो सोना ले लिया। आरोपी ने केवल 20 लाख रुपए देकर शेष राशि दुकान पर लौटाकर देने का भरोसा दिलाया और इसके बाद फरार हो गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद 270 ग्राम सोना जब्त कर लिया है, लेकिन मुख्य आरोपी शांतिलाल अब भी पुलिस की पकड़ से बाहर है। डीसीपी के अनुसार शांतिलाल की सरगर्मी से तलाश की जा रही है और जल्द गिरफ्तारी के प्रयास तेज किए गए हैं।

# बच्चों के पतंग उड़ाने के विवाद में युवक पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कुलकर्णी नगर क्षेत्र में बच्चों की पतंग उड़ाने को लेकर हुआ मामूली विवाद देखते ही देखते हिंसक हो गया। इस दौरान एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की गई और एक आरोपी ने उसके हाथ का अंगूठा दांतों से चबा डाला। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, जबकि अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है।**

टीआई आरडी कानवा को गुरुवार शाम करीब 5 बजे सूचना मिली कि कुलकर्णी नगर में अजय बैरवा को घेरकर कुछ लोगों ने बुरी तरह से मारपीट की है और वह घायल अवस्था में मौके पर पड़ा है। टीआई ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कराया और आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई शुरू की। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुई है, फुटेज को पुलिस ने जांच में ले लिया है। घायल अजय की पत्नी दुर्गा ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा घर के बाहर पतंग उड़ा रहा था, जो उड़ते हुए पड़ोसी यशोदा मरपट की छत पर जा गिरी। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ। उस समय वहां से गुजर रही एफआरवी (फर्स्ट रिस्पॉन्स व्हीकल) को सूचना दी गई थी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों को समझाइश दी और मामला शांत कराकर चले गए। पुलिस के जाने के बाद विवाद ने फिर तूल पकड़ लिया। पास में निर्माणाधीन मकान के मालिक तिपेन्द्र उर्फ बिट्टू मरपट को सूचना दी गई। इसके बाद यशोदा मरपट, तिपेन्द्र और उसकी मां ने अपने साथियों के साथ मिलकर अजय को घेर लिया और उसके साथ जमकर मारपीट की। इसी दौरान तिपेन्द्र ने अजय के हाथ का अंगूठा दांतों से चबा डाला, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में टीआई आरडी कानवा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तिपेन्द्र उर्फ बिट्टू मरपट और यशोदा के पति सुनील के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं अन्य आरोपियों की पहचान कर उनकी भूमिका की जांच की जा रही है।

# कांग्रेस का जन आंदोलन : निगम कार्यालय घेराव, पुलिस ने घंटा छीना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भागीरथपुरा में प्रशासनिक लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण 15 निर्दोष नागरिकों की हुई मौत के खिलाफ नगर निगम कार्यालय के बाहर युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन के साथ ही युवा कांग्रेस ने इस जनसंहार के लिए जिम्मेदार लोगों पर तुरंत मामला दर्ज करने की मांग की हैं। युवा कांग्रेस का कहना था की यह कोई हादसा नहीं, बल्कि भाजपा के कुशासन, संवेदनहीन प्रशासन और बेलगाम भ्रष्टाचार का खूनी नतीजा है।**

युवा कांग्रेस शहर अध्यक्ष अमित पटेल ने कहा कि विकास के झूठे नारे लगाकर सत्ता हथियाने वाले भाजपा नेता अपनी तिजोरियां भरने के लिए जनता को गटर का मैल मिला जहरीला पानी पिलाकर मौत के मुंह में धकेल रहे हैं। यह लापरवाही नहीं, बल्कि जनता के जीवन से खुला खिलवाड़ है। जब तक मृतकों के परिजनों को पूरा न्याय नहीं मिलता और इस जघन्य कृत्य के लिए जिम्मेदार भाजपा नेताओं, महापौर सहित दोषी अधिकारियों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज नहीं किया जाता, तब तक कांग्रेस का संघर्ष सड़क से सदन तक लगातार जारी रहेगा। वहीं इस आंदोलन के दौरान युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से पुलिस ने घंटा छीनकर जब्त किया।



### डॉ. यादव ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ किये वितरित

# प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हो रहा प्रदेश में सांस्कृतिक अभ्युदय : मुख्यमंत्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद संपूर्ण भारत में सांस्कृतिक अभ्युदय का वातावरण बना है। राज्य सरकार ने विरासत के संरक्षण के साथ विकास को गति प्रदान करने के लिए आधुनिक सुविधाओं से युक्त भव्य गीता भवन बनाने का संकल्प लिया है। प्रदेश का पहला गीता भवन इंदौर में लोकार्पित हो चुका है। इसी क्रम में आज जबलपुर को भी गीता भवन की सौगात मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने संसद के माध्यम से शिक्षा नीति : 2020 में अनेक महत्वपूर्ण बदलाव करवाए। यह सौभाग्य का विषय है कि मध्यप्रदेश सरकार ने देश में सबसे पहले इसे लागू किया। हमने अपने पवित्र ग्रंथ गीता और रामायण के प्रसंगों को स्कूली पाठ्यक्रमों में भी स्थान दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को जबलपुर में गीता भवन के लोकार्पण एवं 50 करोड़ से अधिक लागत के विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमि-पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ऋषि जाबाली की पावन भूमि- जबलपुर को आज भगवान श्रीराम की रामायण के अंतर्राष्ट्रीय आयोजन और भगवान श्रीकृष्ण की पवित्र गीता के नाम पर तैयार हुए गीता भवन की अनुपम सौगात मिल रही है। भारत में चारों दिशाओं में श्रीराम और श्रीकृष्ण ने अपने पराक्रम से लीलाएं कीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कई योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ एवं 5 विद्यार्थियों को भगवत गीता ग्रंथ का वितरण भी किया। इन विकास कार्यों में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में जीर्णोद्धार कार्य और सड़क विकास के कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मृत्युलोक में प्रत्येक मनुष्य का जीवन नियत है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के उपदेश में रिश्तों की उलझनों को दूर करते हुए अर्जुन को कर्मवाद का सिद्धांत समझाया। गीता की महिमा ऐसी है कि हमारे मन का अंधकार दूर हो जाता है। स्वयं कष्ट उठाते हुए कैसे संसार की सेवा करें, यह संदेश हमें गीता के माध्यम से मिलता है। भगवान श्रीकृष्ण के जीवन में उनका लालन-पालन करने वालीं यशोदा मैया और नंद बाबा की भूमिका भी महत्वपूर्ण थी। कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह सहित जनप्रतिनिधि, संत-महंत एवं स्थानीयजन उपस्थित थे।

## ● प्रधान आरक्षक ने की आत्महत्या

**टीकमगढ़।** जिले कोतवाली थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक मोहनलाल ने आत्महत्या कर ली। इस घटना से पूरे पुलिस महकमे में शोक और स्तब्धता का माहौल है, वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, प्रधान आरक्षक मोहनलाल ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया। यह घटना पुलिस लाइन स्थित उनके सरकारी आवास में हुई। बताया गया है कि वे एक दिन पहले नियमित ड्यूटी पर थे और गुरुवार शाम ड्यूटी समाप्त कर घर लौटे थे, जहां उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान मृतक के पारिवारिक, मानसिक और विभागीय सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जाएगा, ताकि आत्महत्या के पीछे के वास्तविक कारण सामने आ सकें।

## ● दोस्त का सिर कुचला फिर आग लगाई

**नर्मदापुरम।** जिले के जावली गांव में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। दोस्तों ने युवक को शराब पार्टी के बहाने बुलाकर मौत के घाट उतार दिया। पहले पत्थर से सिर कुचला, फिर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। हत्या की वजह जादू-टोने का शक बताई जा रही है। मुख्य आरोपी को शक था कि युवक की मां ने जादू-टोना करके उसकी मां को मारा है, जिसका बदला लेने के लिए उसने मर्डर की प्लानिंग की। पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, इनमें दो नाबालिग (17) हैं। वारदात 23 दिसंबर की है। मुख्य आरोपी सुशील नागवंशी ने पूरी प्लानिंग के तहत अपने दोस्त चंदन नागवंशी (21) को शराब पार्टी का लालच दिया। सुशील, साहिल और दो नाबालिग दोस्त को बाइक पर बिठाकर जावली से करीब 40 किलोमीटर दूर मिडघाट के घने जंगल में ले गए। रास्ते में उन्होंने माखननगर रोड स्थित शराब दुकान से बियर और शराब की बोतलें भी खरीदीं। जंगल में पहुंचने के बाद पांचों ने शराब पी। जब चंदन पूरी तरह नशे में धुत हो गया, तो सुशील और उसके साथी ने एक भारी पत्थर से उसका सिर कुचल दिया। चंदन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

## ● मिसाल बनी `नमो ड्रोन दीदी` योजना

**भोपाल।** 'नमो ड्रोन दीदी' योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मविश्वास, स्वावलंबन और आधुनिक तकनीक से जुड़ाव का सशक्त माध्यम बनकर उभरी है। यह योजना न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त कर रही है, बल्कि कृषि क्षेत्र में अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक के विस्तार को भी गति दे रही है। योजना में महिलाओं को ड्रोन पायलट प्रशिक्षण प्रदान कर ड्रोन उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे वे कृषि कार्यों में उर्वरक एवं कीटनाशक छिड़काव जैसी सेवाएँ देकर नियमित आय अर्जित कर सकें।

# सरकारी स्कूल में महिला डांसरों का डांस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया, एजेंसी।** जिले में एक सरकारी स्कूल में न्यू ईयर सेलिब्रेशन का वीडियो सामने आया है। वीडियो में स्कूल परिसर के अंदर महिला डांसर डांस करती नजर आ रही हैं। कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग डांसरों पर पैसे उड़ाते दिखाई दे रहे हैं। मामला परासरी गांव स्थित एक शासकीय मिडिल स्कूल का है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



वीडियो सामने आते ही शिक्षा विभाग और प्रशासन में हड़कंप मच गया स्कूल परिसर में इस तरह के आयोजन को लेकर सवाल उठने लगे हैं। लोग पूछ रहे हैं कि शैक्षणिक संस्था में इस तरह का कार्यक्रम कैसे हुआ। मामले पर स्कूल के प्राचार्य बलवान सिंह ने सफाई दी है। उनका कहना है कि पंचायत सचिव रिंकू यादव और सरपंच नीलम परिहार ने कार्यक्रम की अनुमति ली थी। कार्यक्रम स्कूल की छुट्टी के बाद आयोजित किया गया था। बताया गया था कि न्यू ईयर सेलिब्रेशन के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया था। डीपीसी राजेश शुक्ला ने बताया कि वीडियो उनके संज्ञान में आया है। प्राचार्य से लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में आयोजन तय नियमों के तहत ही हो सकता है।

## सर्दी से अकड़ा कोबरा... युवक ने अलाव के सहारे बचाई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भिंड, एजेंसी।** जिले में सर्दी से अकड़े एक कोबरा को युवक ने अलाव की गर्मी देकर नई जिंदगी दी। यह अनोखा मामला जिले के लहार क्षेत्र के आरूषी गांव का है। बीएससी एग्रीकल्चर सेकंड ईयर के छात्र गिर्राज शंकर शर्मा ने बताया कि 31 दिसंबर की दोपहर वे अपने एक साथी के साथ बाइक से खेत जा रहे थे। रास्ते में उन्हें एक काला सांप पड़ा दिखा। पहले उन्हें लगा कि सांप मर चुका है, लेकिन पास जाकर देखा तो उसकी सांसें चल रही थीं। सर्दी के कारण वह अकड़कर बेहोश हो गया था। इसके बाद गिर्राज ने सांप को अलाव के पास बैठाया। कुछ ही देर में गर्माहट मिलने पर सांप होश में आ गया। युवक अलाव के पास बैठकर सांप से बातें करता रहा। उसने सांप से कहा कि इधर-उधर न घूमे और किसी को नुकसान न पहुंचाए। इस दौरान सांप बार-बार फन हिलाता रहा। करीब एक घंटे बाद सांप जंगल की ओर चला गया। परिवार ने दावा किया कि उनके कुलदेव नागदेव हैं। उनका कहना है कि जैसे सिंधिया राजवंश पर नागदेव की कृपा मानी जाती है, वैसे ही उनके परिवार पर भी नागदेव की कृपा है, जिन्हें वे निरंजन देव के रूप में पूजते हैं। युवक के घर के पास नागदेव का एक छोटा मंदिर भी बना हुआ है।



## अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से कौशल विकास को बनाएंगे सशक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल ने कहा कि सिंगापुर की आईटीईएस जैसी प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय संस्था का सहयोग प्रदेश के कौशल विकास इकोसिस्टम के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि यही संस्था भोपाल में स्थापित विश्वस्तरीय संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क की प्रमुख सहयोगी रही है और इस साझेदारी ने मध्यप्रदेश को अंतर्राष्ट्रीय स्किलिंग मानचित्र पर सशक्त पहचान दी है। मंत्री श्री टेटवाल ने शुक्रवार को आईटीईएस के भ्रमण के दौरान यह बात कही। मंत्री श्री टेटवाल 2 से 7 जनवरी तक सिंगापुर भ्रमण पर हैं। मंत्री श्री टवाल ने कहा कि इस भ्रमण का उद्देश्य केवल संस्थागत अध्ययन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समझना है कि भविष्य की जरूरतों के अनुरूप युवाओं को कैसे वैश्विक प्रतिस्पर्धा एवं इंडस्ट्री के मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण दिया जाकर तैयार किया जाए। उन्होंने बताया कि सिंगापुर का स्किलिंग मॉडल उद्योग से सीधे जुड़ा हुआ है, जहां प्रशिक्षण,तकनीकी दक्षता और रोजगार के बीच स्पष्ट तालमेल दिखाई देता है। ऐसे अनुभव मध्यप्रदेश में कौशल प्रशिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक होंगे।

# उज्जैन में 14 से 18 जनवरी तक श्री महाकाल महोत्सव

### शंकर-एहसान-लॉय की संगीतमय प्रस्तुति देंगे, सोना महापात्रा सूफियाना रंग बिखेरेंगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन में 14 से 18 जनवरी तक श्री महाकाल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लोककलाएं, शास्त्रीय प्रस्तुतियां और प्रसिद्ध कलाकार संगीतमय प्रस्तुति देंगे। सभी कार्यक्रम रोज शाम 7 बजे से शुरू होंगे। महोत्सव के दूसरे दिन प्रसिद्ध संगीतकार शंकर-एहसान-लॉय प्रस्तुति देंगे।**

**कब क्या कार्यक्रम होंगे**

14 जनवरी को महोत्सव का शुभारंभ जनजातीय लोकनृत्य और कला यात्राओं के साथ होगा। इस दिन गोंड जनजातीय सैला नृत्य, बैगा जनजातीय परधौनी नृत्य, भील जनजातीय भगोरिया नृत्य सहित अन्य पारंपरिक प्रस्तुतियां होंगी। दिन के समय कला यात्रा के माध्यम से लोककलाओं की जीवंत झलक भी दिखाई जाएगी।



16 जनवरी को प्रसिद्ध गायिका सोना महापात्रा मंच संभालेंगी। उनकी सशक्त आवाज में शिव भक्ति और सूफियाना रंग दर्शकों को भावविभोर करेगा। इसी दिन कोरकू, भील और बैगा जनजातीय नृत्य दल भी अपनी पारंपरिक प्रस्तुतियां देंगे। 17 जनवरी को सुमधुर संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें शास्त्रीय और समकालीन गायन प्रस्तुत होगा। विभिन्न कलाकार शिव भजनों और आध्यात्मिक रचनाओं के माध्यम से माहौल को भक्तिमय बनाएंगे।

18 जनवरी को महोत्सव का समापन शिव केंद्रित नृत्य-नाट्य प्रस्तुति के साथ होगा। कथक कली सहित अन्य शास्त्रीय नृत्य शैलियों के माध्यम से भगवान शिव के विभिन्न रूपों का मंचन किया जाएगा।

## संपादकीय

# छिपने के हर ठिकाने पर अब ड्रोन की नज़र

भारत ने पाकिस्तान-चीन जैसे पड़ोसियों के छल से निपटने के लिए बड़ी तैयारी कर ली है। उसने एक ऐसा तेजी से चार्ज करने वाला सिस्टम बनाया है, जो सीमा की निगरानी कर रहे या युद्धक ऑपरेशन में लगे ड्रोन को फौरन चार्ज कर देगा। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने यह कमाल किया है। अभी तक दूरदराज क्षेत्रों में तैनात ड्रोन लंबे समय तक टिक नहीं पाते थे, क्योंकि उनकी बैटरी खत्म होते ही वो एक्टिव नहीं रह पाते थे। इसे Surveillance Using Multilayer Intelligent Tracking, Response and Analysis (SUMITRA) नाम दिया गया है। DRDO ने मल्टीलेयर इंटेलिजेंट ट्रैकिंग, रिस्पांस एंड एनालिसिस (SUMITRA या सुमित्रा) नाम के एक परिधि निगरानी प्रणाली विकसित की है, जिसका उद्देश्य किसी भी रक्षा प्रतिष्ठान की सुरक्षा को बढ़ाना है। SUMITRA में हाई पेलोड मल्टी कॉप्टर (UAV) भी एकीकृत है, जो पाकिस्तान से आने वाले घुसपैठियों और आतंकियों का पता लगा सकता है, ताकि प्रतिष्ठान में मौजूद त्वरित प्रतिक्रिया दल (QRT) मौके पर पहुंच सके। भारत का स्काईडॉक सुमित्रा को DRDO और सागर डिफेंस इंजीनियरिंग ने मिलकर विकसित किया है। यह वायरलेस फास्ट चार्जिंग स्टेशन है, जो ड्रोन स्वार्म्स के लिए दूरस्थ क्षेत्रों में तैनाती और तत्काल लॉन्च की सुविधा देता है। भारत के इस कदम से पाकिस्तान की तरफ से घुसपैठ करने वाले आतंकी अब बच नहीं पाएंगे। यह पहाड़ों में उड़ने के लिहाज से डिजाइन किया गया है। इंडियन एक्सप्रेस की एक खबर के अनुसार, सुमित्रा में कई सेंसर लगे हैं जो घुसपैठियों का पता लगाते हैं। सेंसर से प्राप्त डेटा नियंत्रण केंद्र को जाता है, जहां से यूएवी (इस मामले में एक हाई पेलोड मल्टी कॉप्टर) को घुसपैठियों का पता लगाने का संकेत मिलता है। अगर कोई घुसपैठिया झाड़ी या बंकर के पीछे भी छिप जाता है, तो ड्रोन उसके ऊपर मंडराएगा और क्यूआरटी (सुरक्षा बल) आवश्यक कार्रवाई कर सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस पर आधारित होने की वजह से सुमित्रा हमारे गश्ती सुरक्षा कर्मियों और घुसपैठियों के बीच आसानी से अंतर कर सकता है। स्वदेशी रूप से विकसित प्रणाली होने के कारण, यह विदेशी समाधानों पर हमारी निर्भरता को समाप्त कर देगा, जिससे हमारे महत्वपूर्ण रक्षा प्रतिष्ठानों की गोपनीयता सुनिश्चित होगी। सुमित्रा में हवाई खतरों की पहचान करने के लिए अंतर्निर्मित हवाई खतरा पहचान प्रणाली भी है।

### मुंशी प्रेमचंद की कहानी

# कौशल

पंडित बलराम से उनकी पत्नी माया काफी समय से एक हार की मांग कर रही थी। हर बार पंडित उनकी बातों को टाल देते थे। वो कभी अपनी पत्नी से यह नहीं कह पाते थे कि उनके पास हार खरीदने के लिए पैसे नहीं हैं। वो हमेशा कहते, "घर में हार रखने से चोरी हो जाता है। ऊपर से हमेशा जौहरी हार के दाम को बढ़ाकर ही बोलता है। इन गहनों को खरीदने से किसी तरह का फायदा नहीं होता है। बस कुछ देर के लिए सजने संवरने के लिए काम आने वाले हार से इतनी मुसीबत आती है, तो इसे खरीदना बेकार ही है।

पंडित की पत्नी काफी भोली थी। वो हमेशा अपने पति के इन बातों में आ जाती थी, लेकिन दूसरी महिलाओं के पास गहने देखकर उसके मन में होता था कि काश! मेरे पास भी ऐसा जेवर होता। वैसे पंडित थोड़ी मेहनत करते, तो अपनी पत्नी के लिए हार खरीद सकते थे, लेकिन उन्हें सिर्फ भोजन करना और आराम करना ही पसंद था। वो अपने आलस्य के कारण पत्नी की चार बातों को सुनना भी बुरा नहीं मानते थे।

एक दिन बच्चों को पढ़ाकर पंडित घर लौटे, तो देखा कि उनकी पत्नी के गले में वही हार है, जिसकी मांग वो लंबे समय से कर रही थी। हार देखते ही उन्होंने पूछा, "अरे, इतना सुंदर हार तुम्हारे गले में कैसे आया?"

पत्नी ने जवाब में कहा कि ये पड़ोस में रहने वाली महिला का है। मैं उससे मिलने गई थी आज। उसने जब मुझे ये हार दिखाया, तो मैं इसे पहनकर आ गई, ताकि तुम इसे देख लो। मुझे बस ऐसा ही एक हार चाहिए।

पंडित बोले, "पगली! तुम किसी दूसरे का इतना महंगा हार लेकर आ गई हो। अगर चोरी हो गया, तो यह बनवाना ही पड़ेगा और बदनामी होगी जो ऊपर से वो अलग।

पंडित की पत्नी कुछ सुनने को तैयार नहीं थी। उसने बताया कि ये 20 तोले का हार है और मुझे भी बिल्कुल ऐसा ही जेवर चाहिए।

पत्नी की जिद सुनकर पंडित को घबराहट होने लगी। तभी पत्नी बोल पड़ी, "जब सारी महिलाएं ऐसे हार पहनती हैं, तो मैं आखिर क्यों नहीं पहन सकती?"

गुस्से में पंडित बोल पड़े, "सब लोग कुएं में कूदेंगे, तो क्या तुम भी कूद जाओगी। ऐसा नहीं होता है कि जो दूसरे करें, उसे हम भी करें। फिर पंडित ने दिमाग लगाकर अपनी पत्नी को बताया कि देखो इस हार की कीमत आने वाले समय में घट जाएगी। अगर आज इसे मैंने एक हजार में लिया, तो एक साल बाद यह 600 रुपये का हो जाएगा और फिर पांच साल में इसकी कीमत सिर्फ 300 ही रहेगी। यह काफी बड़ा नुकसान है। इसे सहकर मैं हार नहीं खरीद सकता। तुम जल्दी से इस हार को वापस कर दो। इतना कहकर पंडित घर से बाहर की ओर चले गए।

उसी रात माया ने एक चोर को अपने घर में देखा। वो चिल्लाने लगी। जब पंडित ने कहा कि क्या हुआ, तो वो बोली मैंने अभी एक परछाई को देखा है, वो घर के अंदर गया है। वो पक्का चोर है। पंडित ने जल्दी से अपनी छड़ी और लालटेन पत्नी से मांगी।

पत्नी ने कहा कि मैं डर के मारे उठ ही नहीं पा रही हूं। तभी बाहर से कुछ लोग आ गए।

उन्होंने पंडित से पूछा, "क्या हुआ? घर में चोरी हो गई है क्या?"

पंडित की पत्नी माया बोली, "नहीं, वो ऊपर छत से नीचे की ओर कूदा था और फिर हमारे बिस्तर के पास से तेजी से आगे भागा। मैंने उसकी परछाई देखी थी।" तभी माया ने अपना हाथ गर्दन की ओर फिराया, तो उसे पता चला कि पड़ोसन का वो हार उसके गले से गायब है। हे भगवान! कहकर वो अपना सिर पीटने लगी।

पंडित बलराम शास्त्री ने पूछा, "तुम उस हार को उतारकर क्यों नहीं सोई थी?"

सहमी सी आवाज में माया बोली कि मुझे क्या पता था कि आज ही घर में इतनी बड़ी मुसीबत आ जाएगी।

तभी पंडित ने कहा, "कहता था न मैं कि जेवर सब मुसीबत ही लेकर आते हैं। अब समझ आया तुम्हें या नहीं?"

पंडित के पड़ोसियों ने तबतक पूरा घर छान मारा, लेकिन कोई चोर नहीं दिखा। छत पर भी देखा पर कुछ हाथ न लगा।

एक पड़ोसी बोला, "लगता है किसी जानने वाले ने ही ये काम किया है।"

दूसरे पड़ोसी ने कहा, "देखो! घर के लोगों द्वारा बताए बिना किसी को कुछ पता नहीं चलता है। हार के अलावा और क्या चोरी हुआ है वो देखना चाहिए।

पंडित की पत्नी माया बोली, "सब कुछ तो सही ही दिख रहा है। संदूक भी बंद ही हैं और बर्तन भी सारे घर में ही हैं। उस चोर को पराये लोगों का सामान ही ले जाना था। मेरा कुछ ले जाता। वो गहना ले गया, जिसकी मैं मालकिन ही नहीं थी।

"अब हार का मजा आ गया न तुम्हें। कितना समझाया, लेकिन तुम्हें कुछ समझ आए तब न बात बने", तंज मारते हुए पंडित ने कहा।

माया बोली, "पूरे 20 तोले का था। अब कह दूंगी उसे की चोर ले गया, जो लेगी हार के बदले ले ले।"

पंडित ने झल्लाते हुए कहा कि तुम्हें बदले में हार ही न देना पड़ेगा।

पत्नी ने पूछा कि इतना पैसा तो है नहीं। इसका इंतजाम कैसे होगा?

पंडित बोले, "कुछ-न-कुछ तो करना ही पड़ेगा। नहीं तो बदनामी होगी। तुमने उसका गहना रखकर बहुत बड़ी भूल कर दी है।

माया ने दुखी होते हुए कहा कि मेरा भाग्य ही खराब है। दूसरों की चीज गले में डालकर मुझे क्या सुख मिला था कि मैं उसे पहनकर ही सो गई।

उसके पति ने कहा कि अब खुद को दोष मत दो। देखते हैं कुछ-न-कुछ कर ही लेंगे। पड़ोसी से कह देना कि जल्द ही उनका हार उन्हें मिल जाएगा।

इतना कहने के बाद पंडित सोचने लगा कि आखिर ऐसा क्या करें कि उस हार की कीमत का पैसा जुट जाए। उसके बाद पंडित ने अपने ज्ञान से धन कमाना शुरू कर दिया। पंडित को उस हार की रकम चुकाने की इतनी चिंता थी कि उन्होंने दिन में सोना तक छोड़ दिया था। बच्चों को पाठशाला में पढ़ाने के बाद श्रीमद् भागवत की कथा करते और फिर लोगों की कुंडलियां सब देखते। इतना करते-करते देर रात तक जागते और फिर सुबह पाठशाला में बच्चों को पढ़ाने के लिए चले जाते।

इस तरह दिन-रात एक करके उन्होंने छह महीने तक किसी तरह से उस हार की रकम जीतना पैसा कम लिया। जैसे ही हार की रकम पूरी हुई पंडित सीधे ठीक वैसा ही जेवर खरीदकर ले आए और अपनी पत्नी के सामने रख दिया।

पंडित की पत्नी माया पहले तो हार देखकर बहुत खुश हुई। फिर उसने पंडित से पूछा कि आप गुस्से में दे रहे हैं क्या ये हार?

जवाब में पंडित ने पूछा, "गुस्से और नाराजगी जैसी क्या बात है? उसका हार हमारे घर से गायब हुआ था, तो उधार तो चुकाना ही होगा न?"

इतना सुनकर पंडित शास्त्री की पत्नी बोली, "नहीं, ये उधार नहीं है।"

पंडित ने कहा, "चलो, उधार न सही, बदला तो है न? जाओ उसे ये दे आओ।

उसकी पत्नी बोली, "नहीं-नहीं, ये बदला भी नहीं है।

गुस्से में पंडित ने पूछा, "अब तुम ही बता दो कि क्या है ये?"

पत्नी माया ने कहा कि यह आपकी तरफ से मुझे दिया गया तोहफा और निशानी है। उस रात हार चोरी नहीं हुआ था। मैंने तो बस ऐसे ही शोर मचा दिया था।

हैरान होते हुए पंडित ने सवाल किया, "सही में?"

माया ने कहा, "हां, सच में।

पंडित ने फिर सवाल पूछा, "तो तू मेरा कौशल देखना चाहती थी।"

जैसे ही पत्नी ने जवाब हां में दिया पंडित बोले, "तुम्हें कोई अंदाजा नहीं है कि इस कौशल के लिए मुझे क्या सब मूल्य चुकाना पड़ा है।"


पत्नी ने मासूमियत से पूछा, "600 से भी ज्यादा क्या?"

पंडित ने भारी मन से कहा, "हां, बहुत ऊपर। इस कौशल के लिए मुझे अपनी स्वतंत्रता तक को कुर्बान करना पड़ा।"

### कहानी से सीख:

आलस्य में इंसान कई बार अपनों की इच्छा पूरी नहीं करता है, लेकिन जब उसपर जिम्मेदारी का भार पड़ता है, तो वो उसे किसी भी तरीके से पूरा कर लेता है

## रंग भरो



Maharashtra

# महाराष्ट्र: बिना एक भी वोट डले नगर निकाय में जीत गए महायुति के 68 पार्षद, BJP को बंपर बढ़त

**नई दिल्ली, (एजेंसी) महाराष्ट्र में 15 जनवरी को होने वाले महाराष्ट्र नगर निकाय और बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के चुनाव से पहले बीजेपी-नेतृत्व वाली महायुति ने बड़ी बढ़त बना ली है. नामांकन वापसी की अंतिम तारीख के बाद विभिन्न नगर निकायों में महायुति के 68 उम्मीदवार निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए.**

इन 68 सीटों में से बीजेपी को 44 सीटें, एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना को 22 सीटें और अजित पवार की एनसीपी को 2 सीटें मिली हैं. सबसे ज्यादा निर्विरोध जीत ठाणे जिले की कल्याण-डोंबिवली नगर निगम में दर्ज हुई.



इसके अलावा पुणे, पिंपरी-चिंचवाड, पनवेल, भिवंडी, धुले, जलगांव और अहिल्यानगर से भी सीटें महायुति के खाते में गईं. पुणे में वार्ड नंबर 35 से बीजेपी उम्मीदवार मंजूषा नागपुरे और श्रीकांत जगताप को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया. केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोल ने इसे बीजेपी के कामकाज पर जनता के भरोसे का परिणाम बताया और दावा किया कि पुणे का अगला मेयर बीजेपी का होगा. समाचार एजेंसी पीटीआई से बात करते हुए मोहोल ने कहा, 'हमारा लक्ष्य 125 सीटें जीतना है. इनमें से दो सीटें निर्विरोध जीती जा चुकी हैं, अब 123 सीटें शेष हैं.' भाजपा के प्रवक्ता केशव उपाध्याय ने कहा कि इन घटनाक्रमों से राज्य भर के शहरी नगर निकायों में पार्टी की बढ़ती पकड़ का पता चलता है.

Tamil Nadu

## लिव-इन पार्टनर के साथ झोपड़ी में सोया था किसान, बाहर से ताला लगाकर जिंदा जला दिया



**चेंगम, (एजेंसी)** तमिलनाडु के चेंगम इलाके से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां शुक्रवार सुबह कुछ अज्ञात हमलावरों ने एक झोपड़ी को बाहर से ताला लगाकर आग के हवाले कर दिया। इस भीषण अग्निकांड में झोपड़ी के भीतर सो रहे 53 वर्षीय किसान और उसकी 40 वर्षीय लिव-इन पार्टनर की जिंदा जलने से मौत हो गई।पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान पक्किरीपलायम गांव निवासी पी. शक्तिवेल और उनकी पार्टनर एस. अमृतम के रूप में हुई है। शक्तिवेल पेशे से किसान थे और एक ग्रामीण से पट्टे पर लिए गए तीन एकड़ के खेत में बनी 10x10 की छोटी सी झोपड़ी में रहते थे।

पुलिस ने बताया कि शुक्रवार तड़के पड़ोसियों को कुछ जलने की तेज गंध आई, जिसके बाद उन्होंने मौके पर जाकर देखा कि झोपड़ी पूरी तरह राख हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

टाइम्स ऑफ इंडिया ने अपनी एक रिपोर्ट में चेंगम पुलिस इंस्पेक्टर एम. सेल्वराज के हवाले से कहा कि झोपड़ी के भीतर दो शव ऐसी हालत में मिले जिन्हें पहचानना मुश्किल था। पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला है कि हमलावरों ने साजिश के तहत झोपड़ी का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया था ताकि अंदर मौजूद लोग बाहर न निकल सकें। मौके पर फोरेंसिक टीम और खोजी कुत्तों की मदद से सुराग जुटाए गए हैं।

New Delhi

## दिल्ली में कारोबारी के घर ताबड़तोड़ फायरिंग, सहम उठा पूरा इलाका

**नई दिल्ली, (एजेंसी) बिजनेसमैन के ठिकाने पर फायरिंग करके मोटी रकम की डिमांड करने के मामले अक्सर सामने आते हैं। ऐसा ही एक मामला रोहिणी इलाके में भी सामने आया है। जहां शुक्रवार रात को बाइक पर सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने कारोबारी के घर के नीचे गाड़ियों पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाई हैं।**

शुरुआती छानबीन से यह पता चला है कि विदेश में बैठे गैंगस्टर ने बड़ी रंगदारी मांगने के लिए फायरिंग करवाई है। फायरिंग की सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस, पीसीआर के अलावा क्राइम और फरेंसिक टीम जांच के लिए पहुंची। सीसीटीवी फुटेज में पुलिस को बाइक सवार बदमाश जाते हुए दिखाई दिए।

सूत्रों के अनुसार बताया गया है कि यह फायरिंग विदेश में बैठे गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के गुर्गों ने की है। डीसीपी रोहिणी ने बताया कि शाम 5:23 बजे पीसीआर कॉल मिली कि बेगमपुर थाना के रोहिणी सेक्टर 24 में एक घर के बाहर फायरिंग हुई है। इसमें एक्सटॉर्शन और फायरिंग का मामला दर्ज किया गया है।

New Delhi

## 4 साल की देरी, बढ़ती जा रही पहली बुलेट ट्रेन की लागत; 2 लाख करोड़ के पास पहुंचा खर्च

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना- अहमदाबाद-मुंबई हाई स्पीड रेल कॉरिडोर में चार साल से अधिक की देरी के कारण लागत में भारी इजाफा हुआ है। अब इस परियोजना की अनुमानित लागत करीब 1.98 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है, जो शुरुआती स्वीकृत लागत की तुलना में लगभग 83 प्रतिशत अधिक है। पहले इस परियोजना को करीब 1.1 लाख करोड़ रुपये की लागत पर मंजूरी दी गई थी।

यह जानकारी नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (NHRSCL) द्वारा लागू की जा रही इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर सरकार की 'प्रगति' पहल के तहत आयोजित एक ब्रीफिंग में दी गई। इस दौरान रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं सीईओ सतीश कुमार ने कहा कि संशोधित लागत को लेकर अंतिम स्वीकृति अभी बाकी है, लेकिन यह आंकड़ा करीब 1.98 लाख करोड़



रुपये के आसपास है। उन्होंने बताया कि लागत का पुनरीक्षण जारी है और इसे एक-दो महीनों में अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, परियोजना में देरी और लागत बढ़ने के पीछे कई कारण रहे हैं। इनमें भूमि अधिग्रहण में देरी, कानूनी/वैधानिक मंजूरियों में समय लगना और रोलिंग स्टॉक (ट्रेनों) के अंतिम चयन में हुई देर प्रमुख हैं।

खेल

# IND vs BAN: इस साल भारतीय टीम कर सकती है बांग्लादेश दौरा

BCCI **को आमंत्रण; वनडे-टी20 सीरीज सितंबर में संभावित!**

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने शुक्रवार को घोषणा की कि भारतीय टीम इस साल सितंबर में बांग्लादेश का दौरा करेगी, जहां दोनों टीमों के बीच तीन वनडे और इतने ही मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेली जाएगी। हालांकि, मौजूदा हालात को देखते हुए यह अभी स्पष्ट नहीं है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) इस दौरे के लिए अंतिम मंजूरी देगा या नहीं, क्योंकि बांग्लादेश में फिलहाल स्थिर सरकार नहीं है।

### सितंबर में खेली जानी है वनडे और टी20 सीरीज

बीसीबी द्वारा जारी किए गए कार्यक्रम के अनुसार, दोनों टीमों




के बीच 1, 3 और 6 सितंबर को वनडे मुकाबले खेले जाएंगे। इसके बाद 9, 12 और 13 सितंबर को भारत और बांग्लादेश की टक्कर टी20 सीरीज में होगी। भारतीय टीम 28 अगस्त को बांग्लादेश पहुंचेगी।

### पिछले साल रद्द कर दिया गया था भारत का बांग्लादेश दौरा

बता दें कि, पिछले साल जुलाई में भारत का बांग्लादेश दौरा अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया गया था और छह मैचों की सफेद गेंद की सीरीज को एक साल से अधिक समय के लिए टाल दिया गया था। उस समय बीसीसीआई ने बयान जारी कर कहा था, 'बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आपसी सहमति से अगस्त 2025 में होने वाली तीन वनडे और तीन टी20 मैचों की सीरीज को सितंबर 2026 तक के लिए स्थगित करने का फैसला किया है।' बयान में यह भी कहा गया था कि यह निर्णय दोनों टीमों के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कार्यक्रम और शेड्यूल की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। साथ ही बीसीबी ने सितंबर 2026 में भारत का स्वागत करने की उम्मीद जताई थी और संशोधित कार्यक्रम बाद में जारी करने की बात कही थी।

सिनेमा

## तारक मेहता का उल्टा चश्मा में धर्मेंद्र को दिया जाएगा ट्रिब्यूट, कुछ ऐसा है गोकुलधाम का प्लान



टीवी का पॉपुलर कॉमेडी शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा को दर्शक काफी पसंद करते हैं। शो का बॉलीवुड स्टार्स से भी कनेक्शन रहा है क्योंकि कई बार एक्टर्स अपनी फिल्मों के प्रमोशन के लिए शो में आते हैं। अब धर्मेंद्र के निधन के बाद शो के प्रोड्यूसर ने तारक मेहता का उल्टा चश्मा के जरिए दिवंगत एक्टर को ट्रिब्यूट देने को कहा है। शो में दिखाया गया कि टप्पू सेना, माधवी और भिड़े से 31 दिसंबर सेलिब्रेट करने का प्लान डिस्कस करती है और बोलते हैं कि इस मौके पर धर्मेंद्र जी को याद किया जाए। गोगी फिर बोलता है कि एक ग्रैंड प्रोग्राम होना चाहिए उनकी याद में। अब इसके जरिए इमोशनल ट्रिब्यूट दिया जाएगा। आने वाले एपिसोड में गोकुलधाम के सभी मेंबर्स आपको धर्मेंद्र के अलग-अलग लुक में नजर आएंगे और उन्हें ट्रिब्यूट देंगे। धर्मेंद्र को याद कर शो के प्रोड्यूस असित मोदी ने कहा, 'धर्मेंद्र जी का कॉन्ट्रिब्यूशन हिंदी सिनेमा में हमेशा जिंदा रहेगा। उनकी फिल्में जो मैंने बचपन में देखी वो आज भी दिल में बसी हैं फिर चाहे वो कॉमेडी हो, रोमांस, एक्शन या ड्रामा।'

## Highlights

1. Abhishek Banerjee parades 'deceased' voters on ramp in West Bengal
2. UP man strangled and stoned to death by wife, nephew over affair
3. New Year fire in Bengaluru's JP Nagar destroys two luxury cars
4. UP BJP MLA dies of heart attack during meeting, had celebrated birthday a day earlier
5. Haryana records highest sex ratio in 5 years in 2025
6. Bengaluru sees 747 mobile phone thefts a day, police data shows

# Bajaj Auto exports outpace India sales for first time in nearly three years



**NEW DEIHI, (Agency).** Bajaj Auto Ltd.'s exports outpaced India sales for the first time in at least three years, amid a revival abroad and muted demand at home.

Domestic sales of the Pulsar maker rose 4% year-on-year to 1,69,373 units last month, even as exports surged 25% over the year-ago period to 2,00,436 units, according to an exchange filing on Friday (2 January 2026).

The last time such an "inversion" of sorts was recorded was in November 2022, when local sales stood at 1,52,716 units and exports stood at 1,53,836 units. 2022 was also the year when exports outpaced local sales for the full year.

Auto sales in December 2025: Bajaj Auto

India 2W sales up 3% YoY at 1,32,228 units

2W exports up 24% YoY at 1,78,125 units

Total 2W sales up 14% YoY at 3,10,353 units

India 3W sales up 9% YoY at 37,145 units

India 3W exports up 32% YoY at 22,311 units

Total 3W sales up 17% YoY at 59,456 units

Essentially, Bajaj Auto's sales received an exports boost last month, even as domestic demand was largely muted.

# ITC market cap erodes by ₹63,000 crore as 'tax shock' stokes concerns on profitability

**NEW DEIHI, (Agency).** India's largest cigarette maker ITC Ltd. wiped out nearly $7 billion (~ ₹63,000 crore) in market capitalisation after the government's cigarette "tax shock" stoked concerns on profitability.

ITC's share price fell as much as 5.11% to ₹345.35—the lowest since February 2023—extending a near-10% slide from the previous session.

That, after at least eleven brokerages, including Goldman Sachs Group Inc., JPMorgan Chase & Co. and Morgan Stanley, downgraded the stock after the government hiked excise duty on cigarettes this week. The stock could see more pressure in the near term on the 'big tax shock", Jefferies wrote in a note, downgrading the stock to hold from buy.

From 1 February 2026, cigarettes will be charged an excise duty of ₹2,050-8,500 per 1,000 sticks, as per length, according to a government notification released late Wednesday. That's on top of GST at 40% on tobacco-based products and cigarettes—also kicking in from 1 February. ITC might need to hike prices by "at least 15%" to pass on the overall impact to consumers, if not higher, Jefferies said. Morgan Stanley said cigarette prices may need to rise by as much as 40% to fully pass on the impact of higher tax to consumers. Analysts expect the price hike to weigh on demand as well as profitability in the near-term. ITC gets more than 40% of its revenue from cigarettes. At 25.3 crore people, India has the second-highest population of tobacco users in the world. "We believe the share price reaction already reflects the impact, but stock outperformance could return only once the market is convinced that the volume slowdown has bottomed out," the analysts wrote in a note.

From 1 February, tobacco products—including pan masala and cigarettes—will be taxed at 40% GST but bidis (rolled tobacco leaves) will attract 18% GST. On top of this, a cess will be levied on pan masala, while tobacco and related products will attract additional excise duty.

DETECTIVE GROUP

Detecting the truth

# I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.




# WHO AM I?

## I AM THE DETECTIVE !

Helping Secretly & Securely...

WWW.DETECTIVEGROUP.IN

Visit our website & Submit your Query...
Team will contact you within 24 hrs...

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक